दिन– शुक्रवार                                                          दिनांक– 09/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                          अवधि – 15 मिनट

---

01. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की एक अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों समेत इकतालीस के खिलाफ आरोप तय किए।

02. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – सरकार पान उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए जल्द करेगी पान आयोग का गठन।

03. राज्य सरकार ने गन्ना के खरीद मूल्य में पन्द्रह से बीस रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की। नई दरें पेराई सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से ही होगी प्रभावी।

04. और, कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी।

---

रेलवे मे नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की एक अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

–––बाइट–––

दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव, पुत्री मीसा भारती और हेमा यादव समेत इकतालीस आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। अदालत ने राजद अध्यक्ष और उनके परिजनो के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धाराओं के तहत अन्य अपराधों के साथ यह आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों ने आपराधिक साजिश रची है। इन लोगों ने कथित तौर पर अचल संपत्ति हासिल करने के लिए रेलवे में रोजगार को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। सीबीआई के अनुसार, कथित तौर पर रेलवे में नौकरियां देने के लिए लालू परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़ी एक कंपनी ने बाजार मूल्य से कम दरों पर और ज्यादातर नकद लेनदेन के माध्यम से जमीन खरीदी। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिजनों के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में आरोप तय होने का एनडीए के घटक दलों ने स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि एक बार फिर साबित हो गया है कि लालू प्रसाद और उनका पूरा परिवार आपराधिक मामलों में संलिप्त है।

–––बाइट–––

जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का पूरा परिवार शुरू से ही राजनीति की आड़ में आपराधिक सिंडिकेट चलाता रहा है।

———बाइट———

इस बीच, राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिजनों के खिलाफ साजिश की गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी को न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और लालू प्रसाद इस मामले में बाइज्जत बरी होंगे।

———बाइट———

————————————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि सरकार पान उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री यादव ने कहा कि जल्द ही पान आयोग का गठन किया जाएगा, जिससे पान उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा।

———बाइट———

श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है।

———बाइट———

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के साथ यह पूरी बातचीत आकाशवाणी, पटना के साप्ताहिक कार्यक्रम सामयिक चर्चा में कल रात सात बजकर बावन मिनट से सुनी जा सकती है।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने गन्ना के खरीद मूल्य में पन्द्रह से बीस रूपये प्रति क्विंटल की दर से वृद्धि की है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि यह वृद्धि पेराई सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से ही प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल मालिकों की सहमति से यह फैसला किया गया है।

———बाइट———

————————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के बाईस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नालंदा के नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा को मुख्यमंत्री सचिवालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। वहीं, शुभम कुमार नालंदा के उपविकास आयुक्त बनाए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार नौ

जिलों में नये उपविकास आयुक्त की तैनाती की गई है, जबकि सात नगर निगम में नये नगर आयुक्त की पदस्थापना की गयी है।

———————————————————————

इधर, राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के इकहत्तर अधिकारियों का भी तबादला कर दिया है। कुंदन कृष्णन को विशेष कार्यबल का महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, आर. मलरवीजी को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इस वर्ष सूचना और प्रसारण मंत्रालय का पुनर्गठन किया जाएगा, जिसमें एक नई परिचालन प्रणाली का विकास भी शामिल है। श्री वैष्णव आज नई दिल्ली में क्रिएटर्स कॉर्नर के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। उन्होंने घोषणा की कि इस प्रणाली के माध्यम से सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रसार भारती और इससे संबद्ध संगठनों को रचनाकारों की नई पीढ़ी और प्रौद्योगिकी से जोड़ा जाएगा और इससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे।

———बाइट———

———————————————————————

विकसित भारत युवा नेता संवाद –दो हजार छब्बीस का दूसरा संस्करण आज नई दिल्ली में शुरू हो गया है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल करेंगे। खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की बारह तारीख को समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के युवा नेता से संवाद करेंगे। श्री मांडविया ने कहा कि चार दिवसीय इस कार्यक्रम में देश और विदेश से ढ़ाई हजार से अधिक युवा भाग ले रहे हैं। युवा संवाद में बिहार के भी उनहत्तर प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना का प्रमुख उद्देश्य विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण विकास का

नया ढांचा तैयार करना है। श्री ठाकुर आज नवादा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नई योजना में काम के दिनों की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ पारिश्रमिक में भी बढ़ोतरी की गई है।

———————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आज सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि इसके बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट आने की संभावना है। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की गई है।

–––बाइट–––

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डालने के मामले में पुलिस ने मुंगेर जिले हरपुर थाना के शिशुआ गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो बनाकर डालने के आरोप में पुलिस ने पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र से चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्तौल, कारतूस और दो मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया।

———————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ट्रक से एक सौ अस्सी कार्टन शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के महलगांव थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर ठग गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की एक अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों समेत इकतालीस के खिलाफ आरोप तय किए।

02. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – सरकार पान उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए जल्द करेगी पान आयोग का गठन।

03. राज्य सरकार ने गन्ना के खरीद मूल्य में पन्द्रह से बीस रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की। नई दरें पेराई सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से ही होगी प्रभावी।

04. और, कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।